# खून की दलाली का पर्दाफाश करने एसडीएम ने किया स्टिंग

## पुलिस की मदद से पकड़े गए 3 दलाल, पूछताछ के जरिए खंगाली जा रही कुण्डली

**नवभारत न्यूज**

**सतना 18 दिसंबर. जिला चिकित्सालय के रक्त कोष में अवैध तौर पर रक्त बेचे जाने के आरोप पिछले कुछ वर्षों में कई बार सामने आ चुके हैं. इस मामले में रक्त कोष में पदस्थ कुछ कर्मचारियों और प्रभारी की भूमिका पर भी सवाल खड़े होते रहे हैं. इसी कड़ी में एसडीएम सिटी ने भी स्टिंग करते हुए न सिर्फ खून की दलाली के रैकेट का पर्दाफाश किया बल्कि इस मामले में पुलिस ने 3 लोगों को रंगे हाथ दबोच भी लिया.**



एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल के बाहर स्थित चाय-पान, सब्जी-फल के ठेलों से खून की दलाली किए जाने की सूचना पिछले कुछ दिनों से प्राप्त हो रही थी. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को व्यूहरचना तैयार कर ली गई. दोपहर लगभग 1 बजे एसडीएम सिटी अस्पताल परिसर में मौजूद चौकी में पहुंच गए. जहां पर उन्होंने एक डमी व्यक्ति को अस्पताल भेजकर पर्ची बनवाई. जिसमें एक निर्धारित रक्त समूह के खून की आवश्यकता दिखाई गई. वह डमी व्यक्ति उस पर्ची को लेकर अस्पताल के गेट के सामने स्थित रजनीश साहू पिता शुभकरण निवासी जैतवारा के चाय के ठेले पर पहुंच गया. डमी व्यक्ति ने चाय ठेला संचालक रजनीश को पर्ची दिखाते हुए खून की मांग की. जिसे देखकर रजनीश ने आश्वस्त करते हुए कहा कि खून मिल जाएगा लेकिल इसके लिए 4.5 हजार रु लगेंगे. यह सुनकर डमी व्यक्ति रुपए देने का राजी हो गया. लिहाजा रजनीश ने डोनर को बुलाने और सैंपल की बात कही. इसी बीच डमी व्यक्ति वापस अस्पताल के अंदर लौट गया. एसडीएम द्वारा दिए गए 4.5 हजार रु लेकी वह बाहर आया और चाय ठेला संचालक रजनीश को रुपए सौंप दिए. जिसे देखते ही पहले से तैयार कोतवाली पुलिस ने उसे दबोच लिया. इसके फौरन बाद ही जब एसडीएम ने डमी व्यक्ति से पूछा कि खून का प्रबंध कराने की बात किसने कही थी तो निजी एंबुलेंस के कंडक्टर मौहम्मद कैफ का नाम सामने आया. लिहाजा उसे भी पकड़ लिया गया. इसके साथ ही जैसे ही एक अन्य व्यक्ति द्वारा खून की दलाली करने की बात करते हुए सुना गया तो उसे भी दबोच लिया गया. तीसरे व्यक्ति की पहचान अस्पताल परिसर की कैंटीन के कर्मचारी अनिल गुप्ता के तौर पर हुई. तीनों संदिग्धों को मौके से पकड़ने के बाद पूछताछ करते हुए इस रैकेट में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जाने लगी.

### अवांछित तत्वों की भरमार

जिला चिकित्सालय परिसर में एक ओर जहां उपचार कराने के लिए पहुंचने वाले मरीज और उनके परिजनों की भीड़ मौजूद होती है. वहीं दूसरी ओर लगभग इसी अनुपात में अवांछित तत्व भी मंडराते रहते हैं जो जांच, उपचार से लेकर खून की दलाली में संलिप्त रहते हैं. अस्पताल के कर्मचारियों की मानें तो इस मामले में सबसे अधिक गंदगी निजी एंबुलेंस संचालकों और उनके स्टॉफ द्वारा फैलाई जाती है. गुरुवार को एसडीएम के स्टिंग में पकड़ा गया एक दलाल भी निजी एंबुलेंस कर्मी है. अस्पताल में मरीजों को बरगला कर निजी नर्सिंग होम ले जाना, अस्पताल के कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देना और खुले आम खून की दलाली करने जैसे मामलों में कुछ निजी एंबुलेंस कर्मी जेल की हवा तक खा चुके हैं. लेकिन इसके बावजूद भी जिला अस्पताल में इनका दखल कम होने का नाम नहीं ले रहा है.

### इनका कहना है

खून की दलाली की शिकायत मिलने पर जिला चिकित्सालय क्षेत्र में स्टिंग करते हुए 3 लोगों को पकड़ा गया है. इस संबंध में तीनों से पूछताछ करते हुए यह जानकारी ली जा रही है कि इनका काम करने का तरीका क्या था, डोनर को कहां से बुलाया जाता था, इससे पहले और इस तरह से कितने लोगों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है और साथ ही यह भी कि इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं. इसके अलावा यदि जांच में किसी कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी.

**राहुल सिलाड़िया,**
एसडीएम सिटी, सतना

# जिले की 13 बंद स्कूलों में खुलेंगे आंगनबाडी केन्द्र

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 18 दिसम्बर. जिला परियोजना कार्यालय द्वारा जारी आदेश में जिले की बंद 13 प्राथमिक पाठशालाओं के रिक्त भवन मे भवनविहीन आंगनबाडी केन्द्रों को स्थानातरित का निर्णय लिया है.फिलहाल इन शाला भवनों को अस्थाई तौर पर विभाग ने अधिग्रहित किया है.**

जिला कार्यक्रम अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी आदेश में मझगवां ब्लाक की तीन,सोहावल की एक ,रामपुर की दो एवं नागौद ब्लाक की सर्वाधिक 7 शालाओं में अब आंगनबाडी केन्द्र संचालित होंगे.मझगवां में जिन शाला भवनों को दूसरे विभाग को सौपा गया है.उसमें बिरसिंहपुर की संस्कृत माध्यमिक विद्यालय,हलावन की प्राथमिक शाला मझियार,चित्रकूट की शासकीय प्राथमिक शाला कारीगोही शामिल है.सोहावल ब्लाक की शासकीय प्राथमिक शाला बराह तथा रामपुर की चितगढ़ को शासकीय प्राथमिक शाला करकोठी,बरदाडीह को शासकीय प्राथमिक पाठशाला कोरिगवां में अब संचालित किया जाएगा.नागौद ब्लाक की जिन सात विद्यालय को बंद कर दिया गया है.उनमें खैरा की आंगनबाडी को प्राथमिक शाला भुलनी,उसरार की प्राथमिक शाला चमर,नगर पंचायत नागौद संस्कृत हाई स्कूल नागौद,रमपुरा प्राथमिक पाठशाला धमनहां,उमरीब्रज की अंतर्वेद,माडाटोला की दुबहियों एवं सिजहटी को प्राथमिक शाला रैकरी में संचालित किया जाएगा.

### जिपं सीईओ ने 5 को दिया नोटिस

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिले के पांच जनपदों के ब्लाक समन्वयकों को नोटिस जारी कर सी एम हेल्पलाइन के काम में रूचि नहीं लेने पर नाराजगी जाहिर किया है .जिला पंचायत जारी आदेश मेंसीईओ शैलेन्द्र सिंह ने नागौद,रामपुर और सोहावल के अधिकारियो को नोटिस जारी किया है .नागौद के एसबी एम पूर्णिमा बागरी,ब्लांक समन्वयक के के सिंह रामपुर के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विभा सिंह,एवं एस बी एम तरूणेन्द्र प्रताप सिंह शामिल है .इसके अलावा सोहावल के एसबीएम विष्णु बागरी को भी नोटिस जारी किया गया है .

# न्यायालय परिसर में आरोपी पर हमले का प्रयास

## दो गुटों की मारपीट के बीच पुलिस ने आरोपी को बचाया

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 18 दिसम्बर. दुष्कर्म, हत्या के प्रयास और अड़ीबाजी के आरोपी शुभम पाल को अदालत में पेशी के दौरान हमला कर दिया गया। कोलगवां थाना पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट लेकर पहुंची थी, तभी यह घटना हुई। हमले के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 हजार के इनामी आरोपी शुभम पाल को पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में ले जा रही थी। जैसे ही उसे कोर्ट परिसर के अंदर ले जाने का प्रयास किया गया, लगभग 25-25 युवकों के दो अलग-अलग गुटों ने उसे घेर लिया। इनमें से एक गुट आरोपी के पक्ष में था, जबकि दूसरा गुट उस पर हमला करने पहुंचा था।हमलावरों ने आरोपी के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इस दौरान पुलिसकर्मियों और वहां मौजूद वकीलों ने शुभम पाल को बचाने की कोशिश की। अचानक हुए इस घटनाक्रम से कुछ देर के लिए अदालत परिसर में तनाव का माहौल बन गया और हालात बेकाबू हो गए।हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थिति को संभाला। पुलिस ने आरोपी को हमलावरों के चंगुल से सुरक्षित निकालकर कोर्ट के अंदर पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही टीआई सुदीप सोनी अदालत परिसर पहुंचे।

### अतिरिक्त बल हुआ तैनात

न्यायालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस ने दोनों गुटों के लगभग एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। बताया जा गया कि आरोपी शुभम पाल पर दुष्कर्म, हत्या के प्रयास और अड़ीबाजी जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं, जिसके कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त था। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून को अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चरमराई व्यवस्था पर कांग्रेस ने बोला हमला, खड़े किए सवाल

## प्रशासनिक अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय जांच टीम गठित करने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 18 दिसम्बर. थैलेसीमिया से पीड़ित पांच बच्चे जिला अस्पताल में एचआईवी संक्रमित पाए जाने के मामले में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मिश्रा जिला अस्पताल पहुंचे एवं एचआईवी से हुई घटना का जायजा लिया.**



जिला अस्पताल के प्रबंधन से चर्चा की श्री मिश्रा ने सरकार के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा की थैलेसीमिया से पीड़ित मासूम बच्चे एचआईवी संक्रमित पाए जाने की घटना अत्यंत ही गंभीर है इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है । श्री मिश्रा ने प्रशासन एवं सरकार से जानना चाहा कि मार्च अप्रैल में घटित घटना को सरकार ने आज दिनांक तक उजागर क्यों नहीं किया एवं जिम्मेदारों पर कार्यवाही क्यों नहीं की इससे स्पष्ट है इस संपूर्ण मामले में जिले के साथ-साथ प्रदेश के आला अधिकारी भी इंवॉल्व थे श्री मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहां कि यह घटना मार्च अप्रैल 2025 के दौरान हुई थी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 15 साल की बच्ची 20 मार्च को पॉजिटिव पाई गई 9 साल का बच्चा 26 मार्च 2025 को एव एक अन्य 9 साल का बच्चा 28 मार्च 2025 एवं 15 साल का बच्चा 3 अप्रैल 2025 को एचआईवी संक्रमित पाया गया था इन चारों बच्चों के माता-पिता की एचआईवी जांच रिपोर्ट निगेटिव आई थी वहीं 3 साल की एक बच्ची 1 अप्रैल 2025 को एचआईवी की पुष्टि हुई थी इस बच्ची के माता-पिता की रिपोर्ट भी पॉजीटिव आई थी एवं एक बच्चा रीवा जिले का भी पाया गया था लेकिन इतनी बड़ी घोर लापरवाही हो जाने के बाद भी ब्लड बैंक एवं एचआईवी प्रोग्राम ऑफिसर यूनिट ने इसका खुलासा क्यों नहीं किया।

# मेडिकल कालेज में तीन दिवसीय आपातकालीन देखभाल का प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 18 दिसम्बर. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आज कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स के लिए आपातकालीन देखभाल एवं वीआईए विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना के समुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा नोडल विभाग के रूप में किया जा रहा है।**




कार्यक्रम के सफल संचालन में मेडिसिन , शिशु रोग, एनेस्थीसिया, प्रसूति एवं स्त्री रोग तथा ऑर्थोपेडिक्स विभागों का महत्वपूर्ण अकादमिक एवं तकनीकी सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह बहुविभागीय सहभागिता संस्थान की समन्वित कार्य संस्कृति को दर्शाती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के डीन डॉ. एस. पी. गर्ग का सतत मार्गदर्शन एवं पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिससे ऐसे जनस्वास्थ्य उन्मुख कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में प्रभारी डीन डॉ. रमेश शर्मा एवं एनएचएम पर्यवेक्षक डॉ. अनीता अग्रवाल (प्राचार्य, आरएचएफडब्ल्यूटीसी, जबलपुर) की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों वक्ताओं ने सीएचओ के क्षमता संवर्धन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक स्तर पर आपातकालीन सेवाओं एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अम्बरीष मिश्रा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, समुदायिक चिकित्सा विभाग, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना हैं। उन्होंने प्रशिक्षण की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत करने तथा समुदाय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### हैंड्स ऑन ट्रेनिंग का मिलेगा प्रशिक्षण

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज के व्यापक हित में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी प्रदान की जाएगी इस प्रशिक्षण में रीवा, सतना कटनी और अनूपपुर के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं

# जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आज


**सतना 18 दिसम्बर.** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संषोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 19 दिसम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि बैठक में अधिनियम 1989 के अंतर्गत नियम 1995 संशोधित 2016 के तहत विभिन्न उपबंधों के तहत विभिन्न श्रेणी के प्रकरण स्वीकृत और भुगतान राशि, विभिन्न श्रेणी के पीड़ितो को स्वीकृत एवं भुगतान राशि पर चर्चा होगी.

## एक नजर में



### राज्य स्तरीय में कन्या कालेज के खिलाड़ियों ने दर्ज की जीत

**सतना।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो रानी दुर्गावती विश्वाविद्यालय जबलपुर में आयोजित हुई जिसमें शास कन्या महाविद्यालय सतना की छह खिलादियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अलका सिंह 400 मीटर दौड़ एवीएन चार गुणे 400 मीटर रिले में सिल्वर मेडल प्राप्त किया, कमला पाल ने 21 किमी हॉफ मैराथन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवीएन मुस्कान सकेत चार गुणे 100, चार गुणे 400 में सिल्वर मेडल प्राप्त किया ज्योति सिंह 4 गुणे 400 मीटर में सिल्वर मेडल प्राप्त किया सुविधा कुशवाहा हाई जंप में तृतीय स्थान प्राप्त किया महाविद्यालय के प्रचार्य डॉक्टर श्री पांडे डॉक्टर शोभा गुप्ता डॉक्टर किरण सिंह क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर शाशिकांत सिंह डॉक्टर महेंद्र तिवारी इंद्र प्रतिभागीयओं के उजज्वाल भविष्य की यह प्रतिभागी अधिकारी डॉक्टर महेंद्र तिवारी के नेतृत्व में प्रतियोगिता में सम्मीलित हुई।




### उप मुख्यमंत्री ने किया स्मारिका का वर्चुअल विमोचन

**सतना.** सेवा निवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ मध्यप्रदेश का वार्षिक अधिवेशन गुरूवार को कश्यप गार्डन सतना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री म.प्र. शासन श्री राजेन्द्र शुक्ल ने वर्चुअली जुडकर संघ की स्मारिका ''इंजीनियर्स जर्नल'' का विमोचन किया। महापौर सतना श्री योगेश ताम्रकार के विशिष्ट आतिथ्य में सेवा निवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की त्रिवार्षिक अधिवेशन की कार्य विधि संपन्न की गई। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष इंजी. उमेश दुबे, कोषाध्यक्ष आरएम सिन्हा, उप प्रांताध्यक्ष ई. आरबी नामदेव, ई. प्रदीप बक्शी, पवन तिवारी भी उपस्थित रहे।

### मैहर जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**सतना ।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/ प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश के निर्देशन में गुरुवार को सचिव पार्थ शंकर मिश्रा ने जेल में बंदियों से उनके खान-पान, कोई भेदभाव तो नहीं होता इसके संबंध में जानकारी ली ,और पूंछा कि डॉक्टर चेकअप के लिए आते हैं। जेल अधीक्षक मैहर को निर्देशित किया गया है की जेल में सभी को एक समान रखा जाए किसी के साथ भेदभाव ना करें एवं सीएम राइस स्कूल मैहर मैहर में विधिक जागरूकता विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया एवं पार्थ शंकर मिश्रा विधि के संबंध में विधिवत जानकारी दी गई एवं छात्रों को कानून के संबंध में विधवा बताया पास्को एक्ट और साइबर क्राइम के बारे में विधिवत जानकारी दी गई एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी मोहम्मद जिलानी मौजूद रहे।



# सांसद ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से की शिष्टाचार भेंट

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 18 दिसम्बर. नई दिल्ली में गुरुवार को सांसद गणेश सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट की।**

इस अवसर पर उन्होंने श्री नबीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि नितिन नबीन का सुदृढ़ नेतृत्व, कुशल कार्यशैली, सार्वजनिक जीवन का व्यापक अनुभव तथा उनका सहज एवं मृदुल स्वभाव भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन के विस्तार को नए आयाम प्राप्त होंगे और पार्टी की विचारधारा जन-जन तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचेगी। उन्होंने श्री नबीन के उज्ज्वल, सफल एवं जनोन्मुखी कार्यकाल की मंगलकामना करते हुए कहा कि एक युवा नेता को इतने महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्व की जिम्मेदारी सौंपा जाना भाजपा के संस्कारों, मूल्यों और रीति-नीति का स्पष्ट उदाहरण है। यह निर्णय न केवल संगठन में युवाओं को आगे बढ़ाने की पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि कोटि-कोटि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। सांसद गणेश सिंह ने यह भी कहा कि नितिन नबीन जैसे ऊर्जावान, समर्पित और अनुभवी संगठनकर्ता का नेतृत्व पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए वे एक आदर्श मार्गदर्शक के रूप में स्थापित होंगे।

# नि: शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 21 को

**सतना,18 दिसम्बर.** सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मारक ट्रस्ट के सचिव व पूर्व जनपद अध्यक्ष गेंदलाल भाई पटेल ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मारक ट्रस्ट केन्द्रीय जेल के पूर्व हाउसिंग बोर्ड कालोनी मेडिकल कालेज के पश्चिम सतना में 21 दिसम्बर रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है. नेत्र शिविर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षम कर दवाईया, जांच अनुसार नि: शुल्क मोतियाबिन्द की जांच कर नि:शुल्क आपरेशन एवं शुगर व बीपी मरीजों के आंख पर्दे की जांच की जाएगी. गेंदलाल भाई ने कहा है कि नेत्र रोग से पीड़ित आम नागरिकों भाई बहनों से अपील की है कि उपरोक्त नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर लाभ उठाए.

# बीबीए के छात्रों ने कालिंजर किले का किया भ्रमण

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 18 दिसम्बर. श्री रामकृष्णा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस, भारहुत नगर, सतना के बीबीए विभाग द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अनुभवात्मक ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से ऐतिहासिक कालिंजर किले का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।**



इस शैक्षणिक यात्रा में लगभग 70 विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों की टीम ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी सुबह 8 बजे कॉलेज परिसर, भारहुत नगर से प्रस्थान कर कालिंजर किले पहुँचे। किले में पहुँचकर विद्यार्थियों ने नाश्ता एवं चाय का आनंद लिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने किले एवं वहाँ स्थित विभिन्न ऐतिहासिक स्मारकों के ऐतिहासिक एवं कलात्मक महत्व को समझा और जाना। भ्रमण के दौरान नीलकंठ महादेव मंदिर में दर्शन कर विद्यार्थियों ने आध्यात्मिक अनुभूति भी प्राप्त की। पर्वतीय मार्ग पर चढ़ाई एवं उतराई के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता की, इस रोमांचक अनुभव का भरपूर आनंद लिया तथा अपने यादगार पलों को कैमरे में कैद करते हुए रील्स भी बनाई। किले से नीचे उतरने के पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने ढाबे पर स्वादिष्ट भोजन एवं चाय का आनंद लिया तथा बोनफायर के साथ खुशनुमा समय बिताया।

# केजेएस सीमेंट ने धूमधाम से मनाया धात्विक खान सुरक्षा सप्ताह

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 18 दिसम्बर. केजेएस सीमेंट राजनगर मैहर में 37वां धात्विक खान सुरक्षा सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में केजेएस माइंस विभाग के स्टाफ ने खान सुरक्षा से संबंधित शानदार प्रस्तुतियां दीं।**



इस अवसर पर बोलते हुए निरीक्षण दल के संयोजक पंकज मिश्रा (प्रिज्म जानसन सीमेंट) ने माइंस में कार्य करते समय सुरक्षा और सावधानी के बारे में विस्तार से चर्चा की और बताया कि किस प्रकार से हमें नई-नई टेक्नोलॉजी का समावेश करके स्वयं को, साथी को और खदान को सुरक्षित रखना चाहिए। टीम के अन्य सदस्य जयंत दास, केके विश्वकर्मा और संजय नंदी ने भी अपने विचार प्रकट किए और अगले वर्ष को दुर्घटनारहित वर्ष बनाने का आह्वान किया। इससे पहले निरीक्षण दल के आयोजन स्थल पर पहुंचने पर केजेएस माइंस प्रमुख विजय सिंह राठौर व अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया । अपने उद्घाटन भाषण में श्री राठौर ने बताया कि केजेएस की सभी खदानें सुरक्षा के सभी मापदंडों का कड़ाई से पालन करती हैं जिसकी वजह से हम शून्य दुर्घटना का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होते हैं। केजेएस के सीओओ राजेश बैरागी ने अपने संबोधन में कंपनी द्वारा प्लांट व माइंस में किए जा रहे सुरक्षा उपायों के बारे विस्तार से बताया। समारोह के अंत में स्लोगन तथा पोस्टर कंप्टीशन के प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन एके वर्मा महाप्रबंधक (माइंस) ने किया। अन्त में निरीक्षण दल ने केजेएस की खदानों का गहन निरीक्षण करने के पश्चात संतोष प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके चौधरी, आरपी सैनी, अतिन्द्र भट्टाचार्य, रवि मिश्रा,आरपी द्विवेदी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में एचआर हेड संजय पांडेय, ईएंडआई हेड आरके नम्मी, सीपीपी हेड वीरेन्द्र गौतम, सेफ्टी हेड अखिलेश कुशवाहा, क्यूसी हेड ईश्वर साहू आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।